## महत्वपूर्ण एवं खास

### नाबिल से दुष्कर्म,आरोपी फरार

**दुर्ग (आरएनएस)।** दुर्ग में एक 15 साल की लड़की से बलात्कार का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक जेवरा चौकी में शुक्रवार देर रात परिजन ने शिकायत दर्ज कराई कि सुल्तान खान (20) नाम के युवक ने उनकी बेटी से दुष्कर्म किया है। परिजन ने बताया कि वह देर रात उनके घर पहुंचा और बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी ने उसका विरोध कर चिल्लाने की कोशिश की तो उसने उसका मुंह दबा दिया। इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने नाबालिग को धमकी दी कि यदि वह किसी को कुछ बताएगी तो वह उसे जान मार देगा और वहां से भाग गया। इसके बाद नाबालिग ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी। मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लेने की आश्वासन दिया है।

### पैदल जा रहे व्यक्ति ट्रक ने रौंदा, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी गार्डन चौक उरला के पास पैदल जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक विजय नारायण पाण्डेय 56 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 10 दिसंबर को शाम 6.30 बजे हीराग्रुप गार्डन चौक उरला रोड के पास पैदल जा रहे तारकेश्वर उपाध्याय 58 वर्ष पिता रामदशरथ उपाध्याय निवासी सेमरिया थाना पवारा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश को ट्रक क्रमांक एमपी 18 एच 5127 ने एक्सीडेन्ट कर दिया। जिससे माके पर ही उसकी मौत हो गई।

### उसूर एलओएस का पूर्व नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान थाना बासागुड़ा एवं एसटीएफ का संयुक्त बल बासागुड़ा-आवापल्ली मार्ग पर एमसीपी लगाकर वाहनों की जांच एवं आने जाने वाले संदिग्धों पर निगाह बनाये हुये थे। संयुक्त बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति से पुछताछ पर नाम पता गलत बताने पर शक के आधार पर बारिकी से पुछताछ करने पर अपना नाम दिवाकर उर्फ मोड़ियम सुक्कू पिता डोगा ऊर्फ मासा पूर्व उसूर एलओएस कमांडर निवासी डल्ला थाना बासागुड़ा का होना बताया। जो नक्सल संगठन में उसूर एलओएस कमांडर के रूप में कार्य करते हुये वर्ष 2003 से 2007 तक जन विरोधी एवं शासन विरोधी कार्यवाही एवं कई बड़ी हिंसात्मक घटनाओं में शामिल रहा है। पूर्व उसूर एलओएस कमांडर दिवाकर उर्फ मोड़ियम सुक्कू को गिरफ्तार कर कार्यवाही के उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### चरित्र शंका पर पति से विवाद,पति ने कर दी हत्या

**बिलासपुर (आरएनएस)।** शहर के सिटी कोतवाली थानांतर्गत टिकरापारा में एक पेंटर का काम करने वाले व्यक्ति ने पीट-पीटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करने के लिए उल्टी-दस्त से मौत होने की जानकारी दी। किंतु बेटियों ने हत्या का राज खोल दिया। जिसके बाद महिला की संदिग्ध मौत मानकर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया। जिसमें सिर में अंदरूनी चोट लगने की बात सामने आई। इस आधार पर पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# पिकअप वाहन में छिपाकर लाई जा रही गांजा की बड़ी खेप जब्त

» वाहन से करीब पांच लाख रूपये का गांजा बरामद, सारंगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर सारंगढ़ अनुविभाग में पुलिस गांजा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। दिनांक 10.12.2021 को सबरमकेला पुलिस द्वारा हुंडाई इयान कार में गांजा की तस्करी को विफल किया गया था।

वहीं आज दिनांक 12/12/2021 को थाना प्रभारी सारंगढ़ विवेक पाटले के नेतृत्व में शाम करीब 16:00 बजे पुलिस टीम द्वारा लातनाला और खनिज चेकपोस्ट के बीच नाकेबंदी कर उड़ीसा से पिकअप वाहन (छोटा हाथी) में लाये जा रहे गांजे की बड़ी खेप को पकड़ा गया है। टीआई विवेक पाटले को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बरगढ़ प्रकाशपुर से होते सारंगढ़ की ओर एक पिकअप वाहन में गांजा लाया जा रहा है। टीआई पाटले वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर तत्काल मौके पर कार्यवाही के लिये रवाना हुये। पुलिस टीम नाकेबंदी पाइंट पर पहुंचकर मुख्य मार्ग से गुजरने वाली सभी गाड़ियों पर पैनी नजर रखे हुये थे, इसी दरम्यान शाम को पिकअप वाहन (छोटा हाथी) क्रमांक ओआर17 आर 0730 में टमाटर के खाली कैरेट लेकर लौट रहे वाहन को पुलिस जांच टीम द्वारा रोककर चेक किया गया। वाहन का चालक बड़ी चालाकी से खाली कैरेट के नीचे दो बोरियों में गांजा छिपाकर रखा था जिसे गवाहों के समक्ष आरक्षकों द्वारा नीचे उतारा गया, जिसकी पहचान गांजा के रूप में हुआ, वजन पर 48 किलो गांजा कीमती करीब 5 लाख रूपये का पाया गया। आरोपी वाहन चालक से पूछताछ में अपना नाम रतन विभार पिता रात्रा विभार उम्र 34 वर्ष सकिन खाऊपाली थाना भेडेंन जिला बरगढ़ (उड़ीसा) का होना बताया तथा गांजा ओडिसा के बरगढ़ से जांजगीर लेकर जाना बताया है। आरोपी से अवैध गांजा एवं वाहन की जप्ती कर आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है।

थाना प्रभारी विवेक पाटले द्वारा पता लगाया जा रहा है कि इस तस्कर गिरोह का सरगना कौन है। कार्यवाही में थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले के साथ प्रमुख रूप से प्रधान आरक्षक श्यामलाल महंत, धनेश्वर उरांव, टीकाराम खटकर, आरक्षक विकास पटेल, राजेश राठिया और मुकेश चन्द्रा शामिल थे जिनकी अहम भूमिका रही है।

# नशीला टबलेट के साथ एक गिरफ्तार,एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज



**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में पुलिस ने शनिवार की देररात एक व्यक्ति को नशीला टेबलेट बेचने के फिराक में होटल हाईवे के पास से गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक सिविललाईन पुलिस ने एक व्यक्ति होटल हाइवे इन के पास पुराना राजेंद्र नगर रायपुर मे नशीला टेबलेट बेचने की फि राक मे है जिसके बाद मुखबिर के बताये हुए स्थान होटल हाईवे इन के सामने से आरोपी कमल नारायण साहू पिता स्व. जगन्नाथ साहू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम भानसोज तहसील व थाना आरंग जिला रायपुर को घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 06-06 स्ट्रीप कुल 12 स्ट्रीप भरा हुआ इस प्रकार से कुल मिलाकर 16 स्ट्रीप (प्रत्येक में 24 केप्सूल कुल 384 नग केप्सूल) नशीली केप्सूल बरामद हुआ बरामद स्ट्रीप कीमती 2496 रु. पाया गया। बरामद नशीले केप्सूल में से 01 स्ट्रीप जिसमें 24 नग केप्सूल है परीक्षण हेतु पृथक कर उसमें से 04 - 04 नग केप्सूल पृथक किये जिसमें 04 केप्सूल स्ट्रीप सहित का वजन 3.19 ग्राम तथा बिना स्ट्रीप 04 केप्सूल का वजन 2.48 ग्राम एवं बिना स्ट्रीप नशीले केप्सूल 384 नग का वजन 238.8 ग्राम पाया गया जिसे समक्ष गवाहान मुताबिक जप्ती पत्रक के विधिवत जप्त कर शीलबंद किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 21 ( बी )एनडीपीएस एक्टका पाये जाने से मौके पर ही बिना नंबरी अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# सीजी टीका पोर्टल की जानकारी कोविन पोर्टल पर अपडेट नहीं होने से दिख रहा प्रथम व द्वितीय डोज के बीच अंतर

» दूसरे राज्यों व अन्य जिले से हितग्राहियों के रायगढ़ में दूसरा डोज लगवाने से बढ़ा है अंतर

» जिले में कोविड टीकाकरण का मिला लक्ष्य किया जा चुका है पूरा, सरपंचों से लिया गया है पूर्णता प्रमाण-पत्र



**रायगढ़।** कोविड टीकाकरण के संबंध में दैनिक भास्कर में प्रकाशित समाचार 'रायगढ़ 100 प्रतिशत टारगेट पूरा करने 18 हजार को दूसरा डोज दिखा दिया जबकि टीका लगा ही नहीं' के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ व जिला टीकाकरण अधिकारी की पूरी टीम के साथ ही जिला स्तर पर अंतर विभागीय अधिकारियों के संयुक्त टीम तैयार कर सेक्टरवार प्रभारी नियुक्त कर ब्लाक व ग्राम स्तर पर सरपंच, शिक्षक, सचिव, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों के माध्यम से टीकाकरण कराने हेतु मोबलाईज कर टीकाकृत होने से कोविड से बचाव के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर रायगढ़ जिले के टीकाकरण लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया। टीकाकरण पूर्णता के संबंध में ग्राम स्तर पर सरपंचों द्वारा भी पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है।

कोविन पोर्टल प्रारंभ होने के पश्चात जो भी टीका लगता है वह कोविन पोर्टल में प्रदर्शित होता है, पूर्व में सीजीटीका पोर्टल में लगाए गए वैक्सीनेशन के हितग्राही के जानकारी का कोविन पोर्टल में स्थानांतरण नहीं हुआ है जिससे की सीजीटीका पोर्टल में प्रदर्शित नाम कोविन पोर्टल में दिखाई नहीं दे रहा है।

पूर्व में सीजीटीका के माध्यम से प्रथम डोज टीकाकृत लोगों को द्वितीय डोज कोविन पोर्टल के माध्यम से सीधे सत्यापित कर अद्यतन करने के कारण कोविन पोर्टल में प्रथम डोज की तुलना में द्वितीय डोज की संख्या अधिक प्रदर्शित हो रही है। रायगढ़ औद्योगिक जिला होने के कारण अन्य राज्य के हितग्राहियों का आना-जाना लगा रहता है। जिसके कारण अन्य राज्य के हितग्राही भी रायगढ़ में टीकाकरण का लाभ ले रहे है। वर्तमान में रायगढ़ जिला के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अनिवार्य 67 सत्रों के माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम संचालित हैं व साथ ही साथ हर घर दस्तक के माध्यम से भी टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

अतः इस प्रकार सीजीटीका पोर्टल में एन्ट्री डाटा कोविन पोर्टल में पोर्ट न होने के कारण प्रथम डोज कम प्रदर्शित हो रहा है व अन्य राज्यों/जिले के हितग्राही भी टीकाकरण कार्यक्रम का लाभ लेते हुए द्वितीय डोज रायगढ़ में लगवाने के कारण कोविन पोर्टल में जिले का द्वितीय डोज 18 हजार अधिक प्रदर्शित हो रहा है।

# लैलूंगा के मित्तल दम्पत्ति हत्या मामले छठा आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** दिनांक 11/12/2021 को जिले के बहुचर्चित मित्तल दम्पत्ति हत्या के मामले में घटनास्थल से एफएसएल टीम द्वारा प्रिजर्व किये गये मानव बाल का डीएनए टेस्ट रिपोर्ट प्राप्त हुआ था जो घटना में शामिल एक विधि के साथ संघर्षरत बालक के ब्लड से मैच हुआ है।

वहीं घटना में शामिल फरार आरोपी की पतासाजी में तमिलनाडू में दबिश दे रही पुलिस टीम को आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये तमिलनाडू में दबिश दे रही पुलिस टीम की पतासाजी की भनक आरोपी को लगने पर तमिलनाडू से भागकर रायगढ़ आया जिसका पीछा करते हुए पुलिस टीम द्वारा रैरूमाक्षेत्र में आरोपी को हिरासत में लिया गया, जिसके पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज चेक करने पर नाबालिग होने की जानकारी मिली है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा, एडिशनल एसपी लखन पटले तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर जांच टीम द्वारा फरार आरोपी के संबंध में दबिश दी जा रही थी। जांच टीम को फरार आरोपी के घटना के बाद दिगर प्रांत तमिलनाडू भाग जाने की जानकारी मिली थी जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम तामिलनाडू आरोपी गिरफ्तारी के लिये भेजा गया था किन्तु आरोपी द्वारा वहां से भी फरार हो गया। जांच टीम फरार आरोपी पर मुखबिर तैनात कर रखा गया था जिसके पुनः तमिलनाडू पर छिपे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम तमिलनाडू रवाना हुई थी, जिसे तमिलनाडू से पीछा करती हुई पुलिस टीम द्वारा रैरूमाक्षेत्र में दबिश देकर पकड़ा गया है। अपचारी विधि के साथ संघर्षरत बालक माह सितम्बर में लैलूंगा के सब्जी दूकान तथा मछली दूकान में हुई चोरी में अपने इन्हीं साथियों के साथ शामिल था, जिनमें भी गिरफ्तारी किया गया। अपचारी विधि के साथ संघर्षरत बालक को आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जल्द आरोपित बालक का न्यायालय से पुलिस रिमांड लिया जावेगा।

# तेज गति से वाहन चलाने वाले और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर चक्रधरनगर पुलिस ने की कार्रवाई

» रडार में आये 10 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के साथ प्रतिबंधक कार्यवाही

» 18 बाइकर्स पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर कल दिनांक 11/12/2021 के थाना प्रभारी चक्रधरनगर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा तेज गति से वाहन चलाने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों पर जमकर कार्रवाई की गई। देर शाम चले कार्रवाई में 10 आरोपी - (1) विजय कुमार सिंह पिता बजरंगबली सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी रेल्वे बंगलापारा थाना कोतवाली रायगढ़ (2) प्रदीप निराला पिता अश्वनी कुमार निराला 21 वर्ष निवासी छोटे अतरमुड़ा खालसा गैस के सामने थाना चक्रधरनगर (3) रॉकी पटेल पिता भगत राम पटेल उम्र 32 वर्ष निवासी जगन्नाथपुरम थाना चक्रधरनगर (4) विशाल गुप्ता पिता एस.एन. गुप्ता 26 साल छोटे अतरमुड़ा चक्रधरनगर रायगढ़ (5) दिलेश्वर चौहान पिता बुटिया चौहान उम्र 28 वर्ष वार्ड क्रमांक 14 भुर्रीपारा घरघोड़ा रायगढ़ (6) संजय चौहान पिता गोविंद चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी बांसडांड थाना लैलूंगा रायगढ़ (7) परमीत खड़िया पिता मुनीराम खाडिया उम्र 21 वर्ष निवासी छोटे अतरमुड़ा टीवी टावर रोड प्राची विहार थाना चक्रधर नगर रायगढ़ (8) सुनील खड़िया निवासी मइना पारा प्राची विहार थाना चक्रधरनगर रायगढ़ (9) नीतीश बंजारे पिता चुरामणि बंजारे उम्र 19 वर्ष निवासी प्राची विहार थाना चक्रधर नगर रायगढ़ (10) शुभम सिंह पिता श्याम सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी प्राची विहार मांझापारा थाना चक्रधरनगर रायगढ़को खुलेआम शराब पीते पकड़ा गया जिन पर धारा 36(च)1 आबकारी एक्ट के साथ प्रतिबंधक कार्यवाही धारा 151, 107,116(3) सीआरपीसी की कार्रवाई कर आज न्यायालय पेश किया गया है।

वहीं कल शाम अभियान दौरान यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाते पकड़े गये 18 मोटर सायकल चालकों पर 3,900 रूपये का समन शुल्क काटा गया है , जिन्हें ट्राफिक नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

# छत्तीसगढ़ मॉडल, समावेशी विकास का ऐसा मॉडल, जिसके मूल में सद्भाव, करुणा तथा सबकी भागीदारी:मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

» लोकवाणी (आपकी बात-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ) की 24वीं कड़ी प्रसारित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से आज प्रसारित रेडियोवार्ता लोकवाणी की 24वीं कड़ी में 'नवा छत्तीसगढ़ और न्याय के तीन वर्ष' विषय पर बात-चीत की शुरूआत जय जोहार के अभिवादन के साथ की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि इन तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य को अपनी वास्तविक छत्तीसगढ़िया पहचान दिलाते हुए, विकास और न्याय के नए प्रतिमान स्थापित किए गए हैं। इसमें हमारे पुरखों ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए जो सपने देखे थे, वो हमने पूरे किए हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मेरी तीन साल की सबसे बड़ी सफलता तो यही है कि आप लोग अपने अधिकारों, अवसरों और वास्तविक तरक्की को स्वयं महसूस कर रहे हैं, सच होते देख रहे हैं। खुशी है कि मैं कुछ सार्थक बदलाव करने में सफल हुआ हूं। आज विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश और दुनिया में है। मुझे विश्वास है कि जब हम अपने पुरखों के रास्ते पर चलते हैं और पुराने मूल्यों से छेड़खानी किए बगैर सुधार के साथ आगे बढ़ते हैं तो हम सफलता के शिखर पर पहुंचते हैं। हमने तीन वर्षों में गरीबों तथा कमजोर तबकों के लिए ऐसे प्रयास किए हैं, जिनके बारे में पहले कभी सोचा नहीं गया था। हाल में ही हमने 6 दिसम्बर को बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। 10 दिसम्बर को अमर शहीद वीर नारायण सिंह जी का बलिदान दिवस था और



18 दिसम्बर को गुरूबाबा घासीदास जी की जयंती है। मैं इन विभूतियों को नमन करते हुए बताना चाहूंगा कि हमारी नीतियों में सभी के आदर्श हैं। विगत तीन वर्षों में हमने कमजोर तबकों को बराबरी के अवसर देकर उनके बताए रास्ते पर चलने में सफल रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में लोगों ने तीन साल में हुए बदलावों को न सिर्फ करीब से देखा है, बल्कि उसे अपने जीवन में बेहतरी को महसूस कर रहे हैं। इस तरह हमने ऐसी योजनाएं बनाई, जो वास्तव में आदिवासी अंचल हो व मैदानी क्षेत्र सभी का भला कर सके। लोहंडीगुड़ा में जमीन वापसी के साथ आदिवासियों और किसानों के लिए न्याय का आगाज हुआ। निरस्त वन अधिकार दावों की समीक्षा से हजारों निरस्त व्यक्तिगत दावों को वापस प्रक्रिया में लाया गया। हमें खुशी है कि अब तक 22 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि आदिवासी तथा परंपरागत निवासियों को दी जा चुकी है, जो 5 लाख से अधिक परिवारों के लिए आजीविका का जरिया बन गई है।

छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 2500 से बढ़ाकर 4000 रूपए प्रतिमानक बोरा करना शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना लागू करने से वन आश्रित परिवारों की जिंदगी में नई रोशनी आई है। तीन साल पहले सिर्फ 7 वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही थी। लेकिन हमने 52 वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था की। इतना ही नहीं, 17 लघु वनोपजों के लिए संग्रहण पारिश्रमिक दर अथवा समर्थन मूल्य में अच्छी बढ़ोतरी भी की गई है। इस तरह लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य पर खरीदी करने, प्रसंस्करण करने, इनमें महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ने और आदिवासी समाज के सशक्तीकरण में बड़ी भूमिका निभाने के लिए छत्तीसगढ़ को भारत सरकार ने 25 पुरस्कार प्रदान किए है। इतना ही नहीं बल्कि स्वच्छता के लिए भी तीन साल में छत्तीसगढ़ को लगातार तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। इस बार छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक 67 नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला है और एक बार फिर छत्तीसगढ़ को देश के सबसे स्वच्छ राज्य के रूप में मान्यता मिली है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान भाई उन परिस्थितियों को समझ रहे हैं, जिसमें हमें काम करना पड़ रहा है और आप लोगों को इस बात का पूरा भरोसा हुआ है कि हम किसानों से संबंधित जो काम कर रहे हैं, उसकी दिशा सही है। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि किसान मेरी जान है, मेरे प्राण है और किसानी मेरी धड़कन है। जिस दिन मैं किसानी नहीं करूँगा या किसानी की बेहतरी के लिए नहीं सोचूंगा, समझ लीजिए कि उसी क्षण वह व्यक्ति नहीं रहूंगा, जिसको आप लोग प्यार करते हैं। मैंने बचपन से जवान होते तक खेतों में काम किया है, इसलिए मुझे खेती-किसानी की पूरी जानकारी है। हर फसल किसान के लिए एक सीढ़ी होती है। इनपुट कास्ट कम होना और आउटपुट का दाम अच्छा मिलना ही खेती को लाभदायक बना सकता है। इसलिए हमने सबसे पहले किसानों पर जो कर्ज का बोझ था, डिफाल्टरी का कलंक था, बकायादारी की जो बाधा था, उसे कर्ज माफी से ठीक किया। सिंचाई पंप कनेक्शन लगाने का काम सुगम किया, सिंचाई के लिए निःशुल्क या रियायती दर पर बिजली प्रदाय का इंतजाम किया। धान ही नहीं बल्कि सारी खरीफ फसलों, उद्यानिकी फसलों, मिलेट्स यानी लघु धान्य फसलों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इनपुट सब्सिडी के दायरे में लाया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480